लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

नहीं निभा रही हूं अमृता प्रीतम का किरदार
विविध-16

www.dailypioneer.com

कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर अब एसएमएस लखनऊ में

लखनऊ। प्रोफेशनल डिग्री के बाद भी अक्सर इंग्लिश बच्चों की तरक्की की राह में बाधा बन जाती है। कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को इस बाधा से बाहर निकलने का मार्ग दिखाती है। एसएमएस लखनऊ ने इस संस्था के साथ हाथ मिला कर इनका असेस्मेंट सेंटर अपने कैम्पस में शुरू किया है। ये बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिये एक दूरगामी कदम है। आज असेस्मेंट सेंटर के उद्घाटन अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर के टीके अरूणाचलम (रीजनल डायरेक्टर, साउथ एशिया) ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि इंग्लिश भाषा हमारे व्यक्तित्व में बहुत ही सकारात्मक प्रभाव डालती है और यह भी कहा कि हम अभ्यास से ही इंग्लिश भाषा को प्रभावशाली ढंग से इस्तेमाल कर सकते हैं तथा भविष्य में अपने कैरियर को नये आयामों तक ले जा सकते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफकैरियर स्टडीज, लखनऊ की फाउण्डर डायरेक्टर डॉ. अमृता दास ने छात्रों को करियर को महत्वपूर्ण बनाने के लिए सम्पर्क कौशल में इंग्लिश भाषा के लिये जोर दिया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज, लखनऊ के निदेशक प्रो मनोज मेहरोत्रा ने छात्रों को इंग्लिश भाषा का महत्व समझाया।